*This Question Paper contains 8 printed pages.*

Seat No.: | | | | | | | |

Sl. No. : 234975

# 009(H)

**(March, 2019)**

***Time : 3 Hours]*** ***[Maximum Marks : 100***

सूचनाएँ :

1 ) यह प्रश्नपत्र चार विभागों (A, B, C, D) में बाँटा गया है।

2 ) सभी प्रश्नों के उत्तर लिखना अनिवार्य है।

3 ) प्रश्नपत्र में दी गई सूचना के अनुसार उत्तर लिखिए।

4 ) शुद्ध वाक्य रचना, उचित भाषाशैली, स्वच्छ लेखन एवं स्पष्ट विचार आवश्यक हैं।

5 ) प्रश्नों के दाहिनी ओर दिए गए अंक प्रश्नों के पूर्णांक हैं।

## विभाग - A पद्य

■ **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए :** [ 5 ]

( 1 ) मीरा को किसने आने के लिए कहा है?

( 2 ) कृष्ण गले में किसकी माला पहनते थे?

( 3 ) बालक भरत का लालन-पालन कहाँ हुआ?

( 4 ) हंस झीलों में क्या खोजते हैं?

( 5 ) कवि ने झुनझुना किसे कहा है?

■ **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दिए गए विकल्पों में से चुनकर लिखिए :** [ 4 ]

( 6 ) जो बीत गई......

(अ) वह बेहद प्यारा था (ब) छाती को देखो

(स) सो बात गई (द) आनन को देखो

( 7 ) महाप्रस्थान काव्य का प्रकार कौन-सा है?

(अ) खण्ड काव्यांश (ब) महाकाव्य

(स) मुक्तक काव्य (द) संवेदना काव्य

( 8 ) बंद लिफाफे में कैसा दर्द छिपा है?

(अ) अज्ञात (ब) अजनबी

(स) लावारिस (द) अनकहा

( 9 ) हारिल किस रंग की चिड़िया है?

(अ) सफेद (ब) हरे

(स) काले (द) पीले

■ **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए :** [ 6 ]

( 10 ) दिन छिपने पर कवि किसका इंतजार करता है? क्यों?

( 11 ) युधिष्ठिर ने वस्तुओं से हीन होने का क्या अर्थ बताया है?

( 12 ) गोपियाँ ब्रज से क्यों भाग जाना चाहती हैं?

**अथवा**

सिंहनी क्यों गरजने लगी?

■ **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सविस्तार लिखिए :** [ 10 ]

( 13 ) कवि सोये हुए साथियों को तड़पती हुई ग़ज़ल क्यों सुनाना चाहता है?

( 14 ) कवि कुसुम के प्रतीक द्वारा क्या संदेश देना चाहता है?

**अथवा**

बैरंग चिट्‌ठी में लिखे दु:ख-दर्द का वर्णन कीजिए।

## विभाग - B गद्य

■ **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए :** [ 5 ]

( 15 ) पंडित आलोपीदीन को किसने हिरासत में लिया?

( 16 ) सोमा बुआ के पति क्या करते थे?

( 17 ) लेखक के छोटे भाई ने मकान खरीदने वाले को क्या कहा?

( 18 ) गांधीजी ने किसे अन्याय माना है?

( 19 ) नर के रूप में कौन लीला कर रहा है?

**अथवा**

कंपनी का क्या हुक्म था?

■ **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर लिखिए :** [ 4 ]

( 20 ) खेमें में क्या जल रहा था?

(अ) लैंप (ब) दीया

(स) चूल्हा (द) लकड़ियाँ

( 21 ) रेडियम से कितने प्रकार की किरणें निकलती हैं?

(अ) सात (ब) दो

(स) आठ (द) तीन

( 22 ) सुभाष बाबू ने कौन सा नारा दिया?

(अ) वंदे मातरम् (ब) जय हिन्द

(स) जय जवान जय किसान (द) जय भारती

( 23 ) कौन-सी आमदनी ईश्वर देता है?

(अ) अधिक (ब) नीचे की

(स) ऊपरी (द) परिश्रम की

■ **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए :** [ 6 ]

( 24 ) बुजुर्ग मित्र को जन्मदिन मनाने में तकलीफ़ क्यों हुई?

( 25 ) नदियों और सरोवरों को देखना क्यों दुस्सह हो गया?

( 26 ) सुरसंग ने राणा खाचर के प्रति श्रद्धा किन शब्दों में प्रगट की?

**अथवा**

घर बेचने के निर्णय के बाद लेखक को कैसा एहसास हुआ?

■ **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सविस्तार लिखिए :** [ 10 ]

( 27 ) सोमा बुआ के व्यक्तित्व का परिचय दीजिए।

( 28 ) गांधीजी ने सिकरम कंपनी के एजेन्ट को चिट्ठी क्यों लिखी? उसका क्या उत्तर प्राप्त हुआ?

**अथवा**

वज़ीर अली ने कंपनी के वकील की हत्या क्यों की?

## विभाग - C

■ **निम्नलिखित शब्दों के समानार्थी शब्द लिखिए :** [ 2 ]

( 29 ) नाजुक

( 30 ) उदास

**अथवा**

अफ़साना

■ **निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए :** [ 2 ]

( 31 ) क्रंदन

( 32 ) मिलन

**अथवा**

आदर

■ **निम्नलिखित शब्दों में से प्रत्यय अलग कीजिए :** [ 2 ]

( 33 ) व्यक्तित्व

( 34 ) चित्रकार

**अथवा**

मित्रता

■ **निम्नलिखित वाक्यों में से विशेषण पहचानिए :** [ 2 ]

( 35 ) कभी-कभी मामूली सी बात भयंकर चिन्ता पैदा करती है।

( 36 ) भारत प्रकृति की पावन क्रीड़ा भूमि है।

**अथवा**

राम अनेक अलंकारों से सुशोभित हैं।

■ **निम्नलिखित शब्द-समूह के लिए एक शब्द दीजिए :** [ 1 ]

( 37 ) देश से निकाला हुआ

■ **निम्नलिखित तद्भव शब्दों के तत्सम रूप लिखिए :** [ 1 ]

( 38 ) कुआँ

**अथवा**

अस्पताल

■ **निम्नलिखित अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध करके पुनः लिखिए :** [ 2 ]

( 39 ) मेरा प्राण संकट में आ गया।

( 40 ) पुत्री पराया धन होता है।

■ **निम्नलिखित मुहावरे का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए :** [ 2 ]

( 41 ) भद उड़ना

**अथवा**

आँखों में धूल झोंकना

■ **निम्नलिखित कहावत का अर्थ लिखिए :** [ 1 ]

( 42 ) काला अक्षर भैंस बराबर

**अथवा**

अंधी पीसे कुत्ता खाय

■ **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :** [ 5 ]

( 43 ) पुस्तकालय से क्या आशय है?

( 44 ) सूचना प्रौद्योगिकी का अर्थ क्या है?

( 45 ) ज्ञान कोशों के प्रकार बताइए।

( 46 ) गुटनबर्ग कौन था? उसने किस उद्देश्य से क्या निर्माण किया?

( 47 ) मनीऑर्डर किसे कहते हैं?

**अथवा**

पर्यटन का अर्थ क्या है?

## विभाग – D

■ **निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर एक तिहाई में सारांश लिखकर उचित शीर्षक दीजिए :** [ 5 ]

( 48 ) साहस की ज़िंदगी सबसे बड़ी ज़िंदगी होती है। ऐसी ज़िंदगी की सबसे बड़ी पहचान यह है कि वह बिलकुल निडर बिलकुल बेखौफ़ होती है। साहसी मनुष्य की पहली पहचान यह है कि वह इस बात की चिंता नहीं करता कि तमाशा देखनेवाले उसके बारे में क्या सोच रहे हैं? जनमत की उपेक्षा करके जीनेवाला व्यक्ति दुनिया की असली ताकत होता है और मनुष्यता को प्रकाश भी उसी आदमी से मिलता है। अड़ोस-पड़ोस में देखकर चलना, यह साधारण जीव का काम है। क्रांति करनेवाले लोग अपने उद्देश्य की तुलना न तो पड़ोसी के उद्देश्य से करते हैं और न अपनी चाल को ही पड़ोसी की चाल देखकर माध्यम बनाते हैं।

■ **निम्नलिखित पद्यांशों का भावार्थ स्पष्ट कीजिए :** [ 3 ]

( 49 ) पराधीन सपनेहू सुख नहीं

**अथवा**

निंदक नियरे राखिये आँगन कुटि छपाय

■ **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :** [ 5 ]

जगत में सुख-दु:ख का संघर्ष हरेक देश और समाज में चलता आया है। इस सुख दु:ख के संघर्ष से कोई मुक्त नहीं है। अनेक व्यक्तियों के बारे में ऊपर से सुखी होने का आभास मात्र होता है। जो धन, प्रतिष्ठा और बुद्धि धारण करते हैं, वे दु:खी नहीं होते, ऐसा हम मान लेते हैं। सुख के बाह्य आभास के बीच उनके मन में जो दु:ख होता है वे उसे बता नहीं सकते। ऐसे लोग धन, प्रतिष्ठा के बल पर दु:ख पर आवरण डालकर अपने मन के दु:खों को छिपा लेते हैं। ऐसे लोगों के प्रति सम्मान, शुभेच्छा और सहानुभूति रखने वालों की कमी नहीं है।

( 50 ) सुख-दु:ख को लेखक ने सार्वत्रिक क्यों बताया है?

( 51 ) दु:ख के ऊपर आवरण कौन डालता है? कैसे?

( 52 ) धन, प्रतिष्ठा और बुद्धि धारण करनेवाले को क्या दु:ख है?

( 53 ) 'धन' और 'मुक्त' का अर्थ बताइए।

( 54 ) इस परिच्छेद के लिए एक उचित शीर्षक दीजिए।

■ **निम्नलिखित किसी एक विषय पर निबंध लिखिए :** [ 8 ]

( 55 ) **एक बाढ़ पीड़ित की आत्मकथा :**

परिचय — सुखमय जीवन — बाढ़ से उथल-पुथल — दर-दर की ठोकरें —अंतिम अभिलाषा।

**अथवा**

**मातृप्रेम :**

माँ का जीवन में स्थान — मातृस्नेह — माता के प्रेम का प्रभाव — त्याग और बलिदान की मूर्ति — बालक में संस्कार सींचन — इतिहास प्रसिद्ध उदाहरण — कृष्ण, शिवाजी — मातृप्रेम ईश्वर तुल्य।

**अथवा**

**आतंकवाद — एक वैश्विक समस्या :**

प्रस्तावना — आतंकवाद का स्वरूप -- जान-माल का नुकसान — भय-आतंक का वातावरण— रोकने के उपाय — उपसंहार।

■ **निम्नलिखित रूपरेखा के आधार पर कहानी लिखकर उचित शीर्षक दीजिए :** [ 4 ]

( 56 ) एक बुढ़िया — इकलौता बेटा — बहुत लाड़-प्यार — आदतों का बिगड़ना — बुरी संगति — किताबों की चोरी करना — माँ की अनदेखी — चोरी की आदत — चोर बनना — जेल जाना — माँ से मिलने की इच्छा प्रकट करना — कान में कुछ कहने के बहाने कान काट लेना — अपनी दुर्दशा के लिए माँ को जिम्मेदार ठहराना।

( 57 ) **निम्नलिखित सूचनानुसार पत्र लिखिए :** [ 5 ]

20, मंगल मूर्ति, सूरत से अपर्णा अपनी सखी ममता को पर्यावरण के असंतुलन और बढ़ते हुए प्रदूषण के विषय में एक पत्र लिखती है।

◆◆◆